सीड्स ऑफ़ होप एंड एक्शन - ऑनलाइन प्रदर्शनी का आयोजन

28 फरवरी 2022 को राजकीय बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान, सेक्टर 31, चंडीगढ़ के द्वारा विशेष बच्चों के लिए सीड्स ऑफ़ होप एंड एक्शन (सोहा) का ऑनलाईन प्रदर्शनी आयोजित किया गया। यह प्रदर्शनी सोका गक्काई इंटरनेशनल (एसजीआई) और अर्थ चार्टर इंटरनेशनल का एक संयुक्त उद्यम है। संस्थान के विशेष विद्यालय के एकेडमिक स्टाफ सुश्री वंदना, सुश्री वीणा, सुश्री निधि, सुश्री रितिका, श्री रविंद्र, सुश्री अल्पना, श्री अतुल और सुश्री अंजलि को इस उद्यम के लिए सोहा के आयोजक श्री आनंद सूर्यनारायण के द्वारा प्रशिक्षित किया गया था। इन्होंने प्रदर्शनी के अवसर पर छात्रों को प्रकृति के महत्व के बारे में समझाया और शिक्षा पर डाईसाकू इकेदा के प्रस्तावों में उल्लिखित सूत्र "प्रेरणा, सीखना, प्रतिबिंबित, सशक्त, नेतृत्व" का उपयोग करके प्रकृति को बचाने और सतत प्रगति के लिए एक व्यक्ति क्या कर सकता है, इसके बारे में समझाया।

इस प्रदर्शनी में ट्राइसिटी के 7 विशेष विद्यालय आस्था, सोरम, प्रयास एवं भवन विद्यालय चंडीगढ़ से, मनी माजरा से बौद्धिक रूप से दिव्यांगों के लिए साधना व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान, कालीबाड़ी क्षेत्र से अफवा आर्मी स्कूल, जीरकपुर के डॉ श्याम दास संस्थान ने भाग लिया।

इस प्रदर्शनी में राजकीय बौद्धिक दिव्यांगजन एवं पुनर्वास संस्थान और अन्य विशेष विद्यालयों के करीब 350 विशेष आवश्यकता वाले बच्चों ने भाग लिया। विशेष आवश्यकता वाले छात्रों ने भी इस अवसर पर अपने अपने विचार साझा किए कि वे पर्यावरण को बचाने में किस प्रकार अपना योगदान दे रहे हैं।

छात्रों के लिए इस प्रदर्शनी की व्यवस्था कॉन्फ्रेंस हॉल ऑडिटोरियम एवं आईटी रूम में की गई थी। संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ प्रीति अरुण ने विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए इस सोहा प्रदर्शनी के प्रस्ताव को आगे बढ़ाया। संस्थान के विशेष विद्यालय की प्राचार्या डॉ वाणी रत्नम ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा।

कॉन्फ्रेंस हॉल से आयोजित की जा रही ऑनलाइन प्रदर्शनी में एकेडमिक स्टाफ्स एवं विशेष आवश्यकता वाले बच्चे।

आईटी रूम में ऑनलाइन प्रदर्शनी देख रहे विशेष आवश्यकता वाले बच्चे।

ऑडिटोरियम हॉल में ऑनलाइन प्रदर्शनी देख रहे एकेडमिक स्टाफ्स एवं विशेष आवश्यकता वाले बच्चे।



सोहा के आयोजक श्री आनंद सूर्यनारायण (स्क्रीन पर) के साथ प्रीवोकेशनल 1 के छात्र हर्ष अपने विचार साझा करते हुए।

तस्वीर में शिक्षकों के साथ संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ प्रीति अरुण एवं विशेष विद्यालय की प्राचार्या डॉ वाणी रत्नम।